सामाजिक शैक्षणिक विकास केन्द्र,
बलभद्रपुर, झंझारपुर - आर०एस०
जिला- मधुबनी।

ट्रान्सपेरेंसी इंटरनेशनल
इंडिया
नई दिल्ली।

स्थान- लोकशक्ति संगठन बलभद्रपुर, झंझारपुर-आर०एस० के प्रांगन में।

1. सामाजिक शैक्षणिक विकास केन्द्र एस०एस०भी०के० और ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल इंडिया के संयुक्त अभिक्रम से जो काम पंचायत प्रतिनिधियों, समुदाय -आधारित संगठनों और स्वैच्छिक संगठनों की बैठक में हुई, उससे हम अवगत हुये हैं, उस बैठक में व्यापक समाज के हित में जो चिंताएं प्रकट की गई और जो चुनौतियाँ उभरी उसका सामना करने की और समस्याओं के निराकरण करने की जिम्मेदारी विभिन्न दलों के उम्मीद-वार पंचायत प्रतिनिधि, स्वैच्छिक संगठन और सामान्य जन में से किसी एक घटक की नहीं बल्कि सबकी है, लेकिन आज [illegible] एक ऐसे मोड़ पर चुनाव का राष्ट्रीय पर्व हमारे सामने है जब बिहार प्रसव- वेदना से गुजर रहा है और पूरे देश की आँखें बिहार पर लगी हैं।

वर्तमान संक्रमण कालीन बिहार में विकास की दिशा और दशा दोनों में आ रही संभावनाओं और बाधाओं को हम देख रहे हैं, आज विकास के लिए जनाकांक्षा बेचैन है, और ऐसे में जरूरी है कि हम सभी मिलकर विकास के न्यूनतम मुद्दों पर सहमत हों, और समयबद्ध तरीके से उस दिशा में बढ़ने का संकल्प लें, इस दृष्टि से हम विकास के लिए निम्न मुद्दों पर अपनी सहमति व्यक्त करते हैं, और इस संदर्भ में सही क्रियान्वयन कराने की और विधान-सभा में इसके नीतिगत कारकों को उठाने का

(1) वर्तमान लोकतांत्रिक-व्यवस्था में मतदाता को प्रत्येक पांच साल पर केवल एक दिन वोट देने का अधिकार है, वोट देने के बाद अगले पांच साल तक उसे कोई संवैधानिक अधिकार नहीं है, यह स्थिति सही और सहभागी लोकतंत्र की दृष्टि से अत्यंत अपर्याप्त है, इसे दूर करने के लिए हम जन-संवादों की प्रक्रिया को आगे बढ़ायेंगे।

(2) हम प्रयास करेंगे कि जितने विभाग बिहार सरकार में है, उतने विभाग शिक्षा स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास पंचायती राज आदि के दलों के अंदर भी हो, और उनके कार्य सतत् चलते रहें।

(3) प्रतिनिधि वापसी का अधिकार (उचित शर्तों व मापदंडों के आधार पर) जनता को मिले- इसके लिये हम लगातार विभिन्न स्तरों पर विमर्श की प्रक्रिया को आगे बढ़ायेंगे।

(4) लाल कार्ड, पीला कार्ड, के वितरण तथा मध्यान्ह भोजन व आंगनवाड़ी के केन्द्र बहुत ही कमजोर स्थितियों में हैं इनमें एक साल के अंदर जरूरी सुधार करके ही हम सब चैन की नींद लेंगे।

(5) सही और प्रभावी ग्राम-सभा की बैठक अगले एक महीने में आयोजित होना प्रारंभ हो जायेगा इसके बिना ईमानदार विकास का नियोजन और लाभ समाज के अंतिम जन तक नहीं पहुँच पायेगा।

लगातार--3/

§6§ हम ऐसी व्यवस्था चार साल के अंदर करेंगे कि कोई भी भूमिहीन परिवार बिना बासगीत के परचे और कब्जे के न रहे ।

§7§ एक साल के अंदर हम यह भी सुनिश्चित करेंगे कि 6 साल से 14 साल तक का हरेक बच्चा सरकारी स्कूल में हो, हम यह भी सुनिश्चित , करेंगे कि कोई भी बच्चा बाल-श्रम करके पैसा न कमायें-

§8§ इस संदर्भ में हम संविधान में परिवर्त्तन के लिये बिहार विधान सभा में दो साल के अंदर केन्द्र सर-कार को ज्ञापन देने की दृष्टि से प्रस्ताव पारित करायेंगे कि उसे 6 तथा 14 से 18 आयु वर्ग के बच्चे अनिवार्यतः मुफ्त शिक्षा प्राप्त करेंगे।

§9§ हम यह भी बिहार , विधान सभा से प्रस्ताव पारित करायेंगे कि संविधान की धारा 24 में इस प्रकार का परिवर्त्तन हो - 18 वर्ष से नीचे का कोई भी बच्चा मजदूरी के लिए कोई भी काम नहीं करेगा, और पूरा समय स्कूल में पढ़ेगा। धारा- 24 के कारण ही बाल-मजदूरी को संवैधानिक मान्यता मिली हुई है।

§10§ हम तीन झारपुर को जिला बनाने का प्रयास करेंगे।

लगातार---- 4/-

§1.1§ हम चीनी मिल खोलने के लिये आवश्यक वैधानिक क्रिया को दो साल में खत्म करेंगे।

§1.2§ हम सुनिश्चित करेंगे कि एक साल के अंदर डीजल - अनुदान सबको मिल जायें।

§1.3§ हम महसूस करते हैं कि सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार के कारण वंचित वर्ग और भी वंचित होता जा रहा है, हम इसे दूर करने का प्रयास करेंगे।

§1.4§ हम एक साल के अंदर सुनिश्चित करेंगे कि मनरेगा के हरेक लाभुक को 100 दिनों का काम और 1001 रुपया प्रतिदिन वास्तव में मिल जायें तथा नियमित सोशल ऑडिट भी हों।

§1.5§ हम यह भी एक साल के अंदर सुनिश्चित करेंगे कि इंदिरा आवास, वृद्धावस्था पेंशन, किसान क्रेडिट कार्ड आदि की सुविधाएं सही तरीके से और समयबद्ध तरीके से सबको मिल जायें।

§1.6§ और अंत में हम तीन साल के अंदर यह सुनिश्चित करना चाहेंगे कि बिहार विधान सभा में विकास की दिशा पर बहस भारतीय ,संविधान के नीति- निर्देशक सिद्धांतों के अनुरूप हो।

§1.7§, हम मानते हैं कि सड़क, सिंचाई और बिजली किसी राष्ट्र के विकास के लिये अनिवार्य शर्त है- हम अपने कार्य-काल में इसमें निरन्तर सुधार का प्रयास करेंगे,

लगातार--- 5

(18) पंचायतों में चुनी गई महिलायें अपने अधिकार और कर्त्तव्य की जानकारी नहीं रखती है, हम अपने कार्य-काल में निरन्तर पंचायती राज में उनकी भूमिका को स्पष्ट प्रभावी व सक्रिय करने का नीतिगत व कार्यकारी प्रयास करेंगे।

(19) इस क्षेत्र में आम और मछली जैसे उत्पादकों के आधार पर कोई उद्योग नहीं है, हम अपने कार्यकाल में इसे छोटे उद्योग के तौर पर स्थापित करने का प्रयास करेंगे ताकि अधिक से अधिक लोगों को रोजगार मिलें।

(20) शिक्षाकर्मियों के कारण बाल-शिक्षण की गुणवत्ता में कमी हो रही हैं, हम अपने कार्यकाल में प्रयास करेंगें कि :-(1) सभी शिक्षक औपचारिक तथा पूर्णकालिक हो।

(2) सरकारी विद्यालयों में कौशल-केंद्रित शिक्षा की व्यवस्था हो।

(3) शिक्षा केन्द्र उत्पादन के केन्द्र भी बनें और विद्यालय के बजट में उस उत्पादन केन्द्र का योगदान हों।

(21) हम उपरोक्त कार्यो के लिये गठित समीक्षा-समिति में अपना योगदान नियमित देंगे।

Arundas
SSVK

(Anupama Jha)